## एक नजर में

### भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा

इंदौर. आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है. ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी. ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करें और हर समय साथ खड़ा रहे. इस विषय पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है. पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेड-रिटेल लाइबिलिटीज़, टीएएससी और टीपीपी हितेंद्र झा कहते हैं कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहाँ काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था. लेकिन अब समय बदल चुका है. तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं.

### एमेज़ॉन एयर पूर्वोत्तर भारत तक पहुँचा

इंदौर. एमेज़ॉन ने उत्तर पूर्व भारत में एमेज़ॉन एयर का विस्तार किया. यह नया एयर कार्गो रूट कोलकाता और गुवाहाटी को जोड़ेगा, जिससे क्षेत्र में कंपनी का लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और कनेक्टिविटी बढ़ेंगे. यह सेवा एमेज़ॉन के इंटीग्रेटेड एयर एवं सरफेस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क द्वारा सैवन सिस्टर्स - अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में डिलीवरी पहुँचाने में मदद करेगी. इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से गुवाहाटी के लिए एमेज़ॉन की पहली एयर फ्लाईट का उद्घाटन नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने किया. इस अवसर पर अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, भारत और ऑस्ट्रेलिया, एमेज़ॉन और चेतन कृष्णास्वामी, वीपी, पब्लिक पॉलिसी, एमेज़ॉन इंडिया भी मौजूद थे. अभिनव सिंह ने कहा, हम लगातार भारत में सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स नेटवर्क स्थापित करने में निवेश कर रहे हैं, ताकि ग्राहकों को उनके रहने के स्थान तक बेहतर सेवाएं पहुँचाई जा सकें.

### सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज़ व बड्स4 सीरीज़ उपलब्ध

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी नई गैलेक्सी एस26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ की वैश्विक उपलब्धता की घोषणा कर दी है. सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई स्मार्टफोन्स के रूप में गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस26+ और गैलेक्सी एस26 उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज और स्मार्ट एआई अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे वे कम चरणों में अधिक काम कर सकते हैं. शानदार फिट के साथ जबर्दस्त हाई-फाई साउंड उपयोगकर्ता गैलेक्सी एस26 की क्षमताओं को नए गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ के साथ और बेहतर बना सकते हैं, जिसमें सैमसंग के सबसे उन्नत ऑडियो और वियरेबल्ड इनोवेशन को एक सहज अनुभव में एकीकृत किया गया है. गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 अब तक की गैलेक्सी बड्स सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ सुनने का अनुभव प्रदान करने के लिए बेहतर हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा की पहनने की सुविधा देते हैं.

### स्मार्ट मॉर्निंग न्यूट्रिशन से अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं

इंदौर. मौसम बदलने के समय मौसमी वायरल संक्रमण अक्सर बढ़ जाते हैं, इसलिए अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी, फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियां ऐसे मौसम में तेजी से फैलती हैंय इसलिए दिन की शुरुआत से ही शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना फायदेमंद होता सुबह के भोजन में बादाम, अंडे, खट्टे फल, फर्मेंटेड फूड्स और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने से शरीर को ऊर्जा और जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलते हैं. यहां सुबह के भोजन में शामिल करने के लिए चार आसान विकल्प दिए गए हैं. न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी कहती हैं बादाम- बादाम 15 पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें विटामिन श्च, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक शामिल हैं. ये पोषक तत्व शरीर में एंटीऑक्सिडेंट गतिविधि को बढ़ाते हैं और इम्यून कोशिकाओं को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करते हैं.

### राशिनकर को शब्दान्वेषी कला भूषण व्यंग्य यात्रा सम्मान



इंदौर. शहर के चित्रकार संदीप राशिनकर को उनके साहित्य केंद्रित दीर्घ कला अवदान के लिए शब्दान्वेषी कला भूषण व्यंग यात्रा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. विस्तृत जानकारी देते हुए व्यंग्य यात्रा के संपादक प्रेम जनमेजय ने बताया कि उनके द्वारा साहित्य को दिए गए अभिनव और प्रदीर्घ अवदान और उसकी महत्ता को रेखांकित करने के लिए विशेष तौर पर इस सम्मान की घोषणा की गई है. उन्होंने बताया कि 21 मार्च को दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित व्यंग्य यात्रा सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा.

### प्रस्तावित आईपीओ के लिए एनएसई की चयन प्रक्रिया पूरी

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने आज अपने प्रस्तावित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए मर्चेंट बैंकर, लॉ फर्म और अन्य सहयोगी कंपनियों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है. यह चयन प्रक्रिया एनएसई की आईपीओ समिति द्वारा तय किए गए फ्रेमवर्क और मूल्यांकन पद्धति के अनुसार की गई. पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीके से संपन्न हुई. चुनी गईं सभी संस्थाएँ प्रस्तावित आईपीओ से जुड़े अलग-अलग कामों में एनएसई की मदद करेंगी. इसमें जरूरी कागज़ी प्रक्रिया, जाँच-पड़ताल, दस्तावेज़ तैयार करना, प्रचार से जुड़ी तैयारियाँ और आईपीओ की पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने जैसे कार्य शामिल होंगे, जो कि तय नियमों के अनुसार किए जाएँगे. इस प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही एनएसई के आईपीओ के लिए सहयोगी कंपनियों और सलाहकारों के चयन में प्रक्रिया सलाहकार के रूप में काम कर रही रोथ्सचाइल्ड एंड कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भूमिका भी आज समाप्त हो गई.

### यस बैंक ने महिलाओं के लिए विशेष सैलरी अकाउंट लॉन्च किया

इंदौर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अग्रणी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक यस बैंक ने 'यस एसेंस महिला वेतन खाता' लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक व्यापक समाधान है, जिसे कामकाजी महिलाओं की वित्तीय और जीवनशैली संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. यह नई पेशकश वित्तीय सुरक्षा, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, लाइफस्टाइल विशेषाधिकार और संपत्ति निर्माण जैसी विशेष सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराएगी. लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए यस बैंक के कंट्री हेड रिटेल लाइबिलिटीज, फी एंड बिजनेस बैंकिंग धीरज सांघी ने कहा यस एसेंस महिला वेतन खाता के माध्यम से हमने कामकाजी महिलाओं के समुदाय का समर्थन करने की दिशा में एक और कदम उठाया है. यह विशेष सैलरी अकाउंट महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता है.

### हमारे राम का मंचन 21 व 22 मार्च को

इंदौर भारत की अग्रणी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है. गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया. बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, अमृता परिहार माता सीता की भूमिका में दिखाई देंगे. हमारे राम का नाट्य मंचन एक बार फिर इंदौर में 21 और 22 मार्च को लता मंगेशकर सभागार आईडीए ऑडिटोरियम में होगा फेलिसिटी थियेटर के निर्माता और एमडी राहुल भुचर का कहना है हमारे राम को रामायण कहानी में एक नया रूप लाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है जो युवा पीढ़ी को पसंद आएगा.

### एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने 2026 के लिए कंटेंट सूची पेश की

इंदौर. भारत की प्रमुख मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने आज 2026 के लिए अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची की घोषणा की, प्लेटफॉर्म 150 से अधिक नए और पहले से चल रहे शो लेकर आ रहा है। विभिन्न शैलियों, प्रारूपों और कहानी कहने के अंदाज़ में फैली इस सूची के जरिए प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरंजन सामग्री को देशभर के दर्शकों तक पूरी तरह मुफ्त पहुँचाना है. एमेज़ॉन एड्स इंडिया के प्रमुख, गिरीश प्रभु ने कहा, ने कहा प्रीमियम कहानी कहने को मुफ्त में उपलब्ध कराकर, हम गहराई से जुड़े दर्शकों और विज्ञापनदाताओं को एक ही जगह लाते हैं. एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर के हेड करण बेदी ने कहा जैसे-जैसे अधिक दर्शक मुफ्त, प्रीमियम स्ट्रीमिंग को अपना रहे हैं, एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर में ज़बरदस्त तेज़ी देखी जा रही है. कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर में हमारा फोकस एक विविध और समावेशी सामग्री पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर है, जो पूरे देश के दर्शकों की कई आवाज़ों, संस्कृतियों और अनुभवों को दर्शाए।

### लिवाइस के अभियान की आलिया भट्टके साथ नई शुरुआत

इंदौर. लिवाइस ब्रांड अपने 2026 के वैश्विकअभियान बिहाइंड एवरी ओरिजिनल को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबलब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नज़र आ रही हैं. लेवी स्ट्रॉस एंड कंपनी में साउथ एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका केमैनेजिंग डायरेक्टर, हिरेन गोर ने कहा 150 से अधिक वर्षों से लिवाइस कोउन लोगों ने पहना है जो संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं. बिहाइंड एवरी ओरिजिनल अभियान उसी गति के केंद्र में बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता को और मज़बूतकरता है। आलिया भट्ट नई पीढ़ी के 'ओरिजिनल्स' का प्रतिनिधित्व करती हैं- वेआत्मविश्वासी हैं, खुद को परिभाषित करती हैं और बिना किसी संकोच के अपनीअसलियत को जीती हैं. यही खूबी उन्हें आज की संस्कृति को आकार देने वालीमहिलाओं के लिए एक सशक्त आवाज़ बनाती है. यह अभियानसिर्फ स्टाइल के बारे में नहीं है—यह व्यक्तिगत पहचान का जश्न मनाने और एकनए युग के लिए लिवाइस को एक प्रमुख डेनिम लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप मेंस्थापित करने के बारे में है.

# गैस की बढ़ती कीमत व पाबंदी, होटल व्यवसायियों की नई चुनौती



**नवभारत न्यूज**

**इन्दौर. इंदौर में होटल और रेस्टोरेंट व्यवसायियों के लिए हाल के दिनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर पर पाबंदी और लगातार बढ़ती कीमतें बड़ी चुनौती बन गई हैं. देशभर में गैस की महंगाई के बीच, इंदौर के कई होटल व्यवसायी अब अपने रोज़मर्रा के संचालन के लिए गैस पर निर्भरता कम करने के उपाय ढूंढ रहे हैं.**

होटल और रेस्टोरेंट में खाना बनाने के लिए पहले गैस का उपयोग आमतौर पर सबसे अधिक होता था, लेकिन अब व्यवसायियों ने डीजल भट्टी, इंडक्शन चूल्हा और पारंपरिक संसाधनों का सहारा लेना शुरू कर दिया है. डीजल भट्टी का इस्तेमाल विशेष रूप से उच्च तापमान की आवश्यकता वाले व्यंजनों के लिए किया जा रहा है, जबकि इंडक्शन चूल्हा छोटे-औसत स्तर के खाना पकाने के लिए एक सुरक्षित और स्थायी विकल्प साबित हो रहा है. शर्मा नमकीन राम नगर का कहना है कि इस बदलाव से उन्हें खाना बनाने में सुविधा और निरंतरता तो मिल रही है, लेकिन लागत में बढ़ोतरी और समय प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है. कुछ होटल व्यवसायी पारंपरिक ईंधन जैसे कोयला और लकड़ी का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि गैस की कमी से संचालन प्रभावित न हो.

**ऊर्जा विकल्पों को अपनाने का अवसर**-होटल उद्योग के लिए यह समय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा विकल्पों को अपनाने का अवसर भी साबित हो सकता है. व्यवसायियों का प्रयास है कि गैस पर निर्भरता घटाकर, नए और वैकल्पिक साधनों के जरिए व्यापार को सुचारू रूप से चलाया जा सके.

#### भोजन की कीमत और उपलब्धता पर असर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो होटल व्यवसायियों को अपनी उत्पादन प्रक्रिया और कीमतों पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है. इंदौर में यह समस्या केवल व्यवसायियों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों और पर्यटकों के लिए भी भोजन की कीमत और उपलब्धता पर असर डाल सकती है.

# डेली कॉलेज और भू माफिया पिंटू छाबड़ा को प्रशासन का नोटिस

- डायवर्शन टैक्स के ढाई करोड़ से ज्यादा बकाया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** जिला प्रशासन ने शहर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज और भू माफिया पिंटू छाबड़ा को डायवर्शन टैक्स का नोटिस दिया है. डायवर्शन टैक्स की राशि जमा नही करने पर कुर्की की कारवाई करने का कहा है.

जिला प्रशासन द्वारा डायवर्शन टैक्स की वसूली अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत मूसाखेड़ी स्थित डेली कॉलेज की 3 लाख 35 हजार वर्ग फीट जमीन और चितावद की 30 हजार वर्ग फीट जमीन का डायवर्शन टैक्स जमा नहीं किया है. प्रशासन के राजस्व विभाग ने दोनों जमीनों को लेकर 1.63 करोड़ रुपए से ज्यादा का डायवर्शन टैक्स जमा करने का नोटिस दिया है. टैक्स में पिछले पांच साल का जुर्माना भी शामिल है. इसी तरह बायपास पर दस्तूर डिलाइट गार्डन के पास खुली भूमि, जिस पर बड़े बड़े कॉन्सर्ट होते हैं. उक्त 3.669 हेक्टेयर जमीन को लेकर गुरमीत सिंह उर्फ पिंटू छाबड़ा को 57.36 लाख एवं पिंटू की पत्नी गुरजोत कोर के नाम से 1.93 हेक्टेयर जमीन का 49.25 लाख रुपए, कुल 1 करोड़ रुपए डायवर्शन टैक्स जमा करने का नोटिस दिया है. नोटिस में राशि जमा नहीं करने पर संपत्ति कुर्की के कारवाई के चेतावनी भी दी गई है. ध्यान रहे कि मार्च महीन में इंदौर जिला राजस्व वसूली अभियान में बहुत पीछे है और वर्तमान में लक्ष्य से आधी राजस्व वसूली नहीं हुई है. इसका कारण यह है कि एसआईआर में अधिकारियों की व्यस्तता रही और वसूली पर ध्यान नहीं दे पाए. अब कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी अधिकारियों को राजस्व वसूली अभियान में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए है और कलेक्टर स्वयं रोज अधिकारियों से वसूली पत्रक लेकर मॉनीटरिंग कर रहे हैं.

# एमओएस पर संपत्ति कर जनता पर अत्याचार: कांग्रेस

- 8 लाख संपत्ति मालिकों को देना होगा 50% अतिरिक्त टैक्स
- कांग्रेस टैक्स लगाने का करेगी विरोध

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में नगर निगम द्वारा मार्जिनल ओपन स्पेस पर राज्य शासन के निर्देश पर संपत्ति कर लगाया जा रहा है. निगम की ओर से यह बताया गया कि यह टैक्स 2020 से लागू कर दिया गया है. नगर निगम के द्वारा इंदौर की जनता से 5 साल का यह टैक्स एक साथ एक मुश्त वसुलने के बिल दिए जा रहे है. यह टैक्स मनमानी का टैक्स है और आम जनता पर एमओएस पर संपत्ति कर लगाना अत्याचार है. कांग्रेस इसके खिलाफ मैदान में विरोध करेगी.

उक्त बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज पत्रकारों से कही. उन्होंने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यकाल में इंदौर नगर निगम की साख पूरी तरह से समाप्त होने की कगार पर है. रामनवमी पर 36 लोगों की मौत के साथ जिस लापरवाही की शुरुआत हुई थी, वह भागीरथपुरा में 36 लोगों की मौत के साथ कायम है. जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भार्गव की परिषद पूरी तरह से नाकाम रही है. इस समय नगर निगम की हालत दिवालिया सी हो गई है. कमाई चवन्नी और खर्चा एक रुपए की स्थिति में आ गया है चौकसे ने कहा है कि नगर निगम द्वारा जनता पर अत्याचार किया जा रहा है. 5 साल पुरानी तारीख से नया मार्जिनल ओपन स्पेस टैक्स लगा दिया गया है. हर मकान में 50% स्थान एमओएस का होता है. इस पर टैक्स लगाकर हर मकान मालिक से 50% राशि प्रतिवर्ष के हिसाब से 5 वर्ष के 250% और उस पर सरचार्ज लगाकर वसूलने बिल दिए जा रहे है. शहर में स्थित आठ लाख संपत्ति मालिकों पर उक्त फैसले का

#### कम से कम 800 से 3000 रुपए होगा अंतर

चौकसे ने कहा कि नगर निगम के द्वारा मार्जिन ओपन स्पेस का संपत्ति कर वसूली करने की कारवाई की जा रही है. उससे छोटे से छोटे प्लाट पर भी कम से कम रेट जोन वाले क्षेत्र में 800 से लेकर 3000 रुपए प्रति वर्ष तक का अंतर आएगा. इसमें तकरीबन 800 फीट पर 750, 1000 फीट पर 1200, 1500 सौ फीटपर 2400 और 2000 वर्ग फीट के प्लाट पर 2700 रुपए प्रति वर्ष का संपत्ति कर ज्यादा देना पड़ेगा.

# एमआईसी में प्रस्ताव बिना एमओएस पर वसूली कैसे?

- ना जाहिर सूचना और ना मंजूरी, सिर्फ राज्य शासन के आदेश पर बिल कैसे?

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में एमओएस को लेकर नगर निगम राज्य सरकार के संशोधन पर वसूली कर रहा है. सवाल उठता है कि नगर निगम एमआईसी में स्वीकृति के बिना एमओएस की राशि, को भी सरचार्ज सहित कैसे वसूल सकता है? नगर निगम ने इसके लिए करदाताओं को सूचित नहीं किया और सीधे खाताधारकों के खाते राशि बढ़ाकर बिल भेज दिए गए. एमओएस की राशि जमा करने और वसूलने के लिए निगम ने जाहिर सूचना भी प्रकाशित नहीं कारवाई, क्यों? पहले भी नई वसूली या कर के लिए करदाताओं को सूचित करने के लिए जाहिर सूचना प्रकाशन के साथ विभिन्न तरह से प्रचार प्रसार करके सूचित किया जाता रहा है.

नगर निगम ने 2020 से सभी संपत्तिकर धारकों के खातों में एमओएस की राशि जोड़कर कमर तोड़ बिल जारी कर दिए है. नगर निगम ने एमओएस में पांच साल की बकाया राशि सरचार्ज भी जोड़ दिया है. इससे नगर निगम की जनता पर अनावश्यक वसूली की जा रही है. बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने नगर निगम को आत्म निर्भर बनने के लिए प्लॉट साइज के अनुसार संपत्तिकर राशि वसूलने का प्रावधान 2020 में किया था. पहले नगर निगम द्वारा प्लॉट साइज में खुली जगह छोड़ने पर संपत्तिकर निर्माण पर लेने का नियम था. अब नगर निगम ने इस साल से राज्य सरकार के निर्णय पर एमओएस पर राशि वसूली शुरू की है, तो वर्ष 2026-2027 से ही एमओएस राशि वसूली जाना चाहिए, मगर नगर निगम जनता पर अनावश्यक आर्थिक भार डाल कर बेवजह वसूली कर रहा है. वह तब जब एमआईसी ने राज्य सरकार के संशोधन पर अभी स्वीकृति हो नहीं दी है. यदि राज्य सरकार के सीधे आदेश लागू होते है तो फिर नगर सरकार का मतलब क्या है?

#### सेल्फ असेसमेंट की भी जाहिर सूचना प्रकाशित की थी नगर निगम ने

संपत्तिकर की राशि में बढ़ाने और खातों की संख्या बढ़ाने के लिए सेल्फ असेसमेंट योजना शुरू की थी, जिसमें मकान मालिक को स्वयं के मकान की गणना कर राशि बढ़ाकर देने का प्रावधान और अधिकार दिया गया था. इसके बाद नगर निगम द्वारा फिर समय सीमा बीतने के बाद जनता के मकानों का सर्वे शुरू किया था. एमओएस की राशि जनता से वसूलने के लिए नगर निगम ने कोई नियमानुसार कार्रवाई नहीं की है और सीधे खाताधारकों पर बढ़ी हुई राशि का अनावश्यक आर्थिक भार थोंप दिया गया है.

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं

- सभी विभागों और अधिकारियों के बाबुओं को खरीदकर करना पड़ रही पीने के पानी की व्यवस्था



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है. नगर निगम द्वारा पूरे शहर में ढिंढोरा पीटा जाता है कि नर्मदा के तीन चरण से 485 एमएलडी पानी आ रहा है. हालत यह है कि कलेक्टर कार्यालय के बाबुओं को अपनी जेब से निजी पानी के कंटेनर बुलाना पड़ रहे हैं और यह कंटेनर कई सालों से आ रहे हैं. इतना ही नहीं कलेक्टर कार्यालय में पिछले कई सालों से नए भवन बनने के बाद पानी की व्यवस्था ही नहीं है. खास बात यह है कि कलेक्टर कार्यालय में पेयजल के लिए लगाए सभी वॉटर कूलर बंद पड़े हैं.**

प्रदेश के सबसे व्यस्त कलेक्टर कार्यालय इंदौर में आप किसी भी काम के लिए जा रहे हैं तो पीने का पानी साथ लेकर जाएं. इंदौर कलेक्ट्रेट परिसर में कहीं भी पेयजल की व्यवस्था नहीं है. स्थिति यह है कि कलेक्टर, एडीएम और एसडीएम के कार्यालय में पीने के पानी की 5 रुपए वाली बोतल विशिष्ट व्यक्तियों को दी जाती है. इसके अलावा तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित बाकी सभी विभागों में कार्यरत बाबुओं द्वारा निजी पानी सप्लाय एजेंसियों से 20 लीटर का वाटर कंटेनर बुलाया जाता है. यही हालत एडीएम, एसडीएम के बाबुओं के भी है और उनको भी अपने पीने के पानी की व्यवस्था जेब से करना पड़ती है.

ध्यान रहे कि इंदौर कलेक्टर कार्यालय में 20 से ज्यादा विभाग के ऑफिस है और राजस्व से जुड़े सभी मामलों के लिए रोजाना 2 हजार से ज्यादा आमजन आते है. इसमें भी मंगलवार जनसुनवाई के दिन तो बहुत भीड़ होती है. इसके बावजूद कलेक्टर सहित आज तक किसी भी अधिकारी का ध्यान इतने बड़े राजस्व से जुड़े कार्यालय में पानी पर नहीं गया. सभी अधिकारियों और विभागों के बाबुओं द्वारा प्रति माह 1 हजार से 15 सौ रुपए महीने का पानी खरीद कर पी रहे हैं. गर्मी में पानी खरीदने का खर्चा 2 हजार प्रतिमाह तक पहुंच जाता है.

#### किसी की इच्छा शक्ति नहीं

ऐसा भी नहीं है कि नगर निगम को कलेक्टर बोले और पानी की लाइन या कनेक्शन नहीं दिया जाएगा, लेकिन किसी की इच्छा शक्ति नहीं है और जो चल रहा है, वह चलने दो, की नीति पर है सभी अधिकारी. इससे समझा जा सकता है कि प्रदेश के सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले इंदौर शहर के कलेक्ट्रेट कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं और बाजार से खरीद कर बाबुओं द्वारा पानी की व्यवस्था के जा रही है.



# व्रत रखकर किया दशा माता का पूजन

**इंदौर. शहर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ दशा माता का पूजन किया. इस अवसर पर महिलाओं ने बड़ (वट वृक्ष) के पास एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की.**

महिलाओं ने व्रत रखकर दशा माता की कथा सुनी तथा बड़ के पेड़ की पूजा कर धागा बांधा। पूजा के दौरान फूल, फल और प्रसाद अर्पित किया गया. कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन भी किए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया.



# गणगौर का बाना निकाला

**इंदौर. सार्वजनिकप्राचीन पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनीइंदौर में ,मुख्य पुजारी पंडित रमा दीदी के मार्गदर्शन में गणगौर पूजन मातृ शक्ति के द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है. 12 से अधिक मातृशक्ति समूह ने गणगौर का बाना निकाल कर, भक्ति गीत गाते एवं नृत्य करते हुए मातृशक्ति ने अपनी अपनी आराधना अलग-अलग पंक्तियों के साथ प्रस्तुत की.**

गणगौर पूजन के भक्ति पूजन कार्यक्रम में वार्ड 44 की पूर्व पार्षद निशा रूपेश देवलिया और वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट, के साथ मंदिर संस्थापक दादी मां मीरा देवी चौधरी की विशेष उपस्थिति भक्ति भाव के इस आयोजन में उत्साह वर्धन किया. गणगौर पूजन में अलग-अलग समूह में प्रमुख रूप से आशु खंडेलवाल, रानू खंडेलवाल, सृष्टि खंडेलवाल, रितु अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, शीला त्रिवेदी, सीता साहू, पिंकी कुशवाह, प्रीति कुशवाह, संगीता माहेश्वरी, मंजू माहेश्वरी, कविता पाटिल, रत्ना जायसवाल, नीता हिंगे, जागृति पाटीदार, अपने अपने समूह के साथ उपस्थित रहे.

## एक नजर में

वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय व मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा सर सीवी रमन स्मृति व्याख्यान का आयोजन

# प्राकृतिक घटनाएं, नियम और संरचनाएं ही वैज्ञानिक ज्ञान की आधारशिला




**इंदौह. श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय (एसवीवीवी) ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में 8वें सर सी. वी. रमन स्मृति व्याख्यान एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस- 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम का मुख्य वक्तव्य पद्मश्री सम्मानित पर्वतारोही एवं पर्यावरणविद् श्रीमती संतोष यादव द्वारा दिया गया.**

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पद्मश्री संतोष यादव ने कहा प्रकृति स्वयं ही विज्ञान है, क्योंकि हमारे आसपास होने वाली प्राकृतिक घटनाएं, नियम और संरचनाएं ही वैज्ञानिक ज्ञान की आधारशिला हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माता है और इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है. उन्होंने पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के उपयोग, खादी वस्त्र पहनने तथा डियोड्रेंट और सिंथेटिक व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों जैसे रासायनिक औद्योगिक उत्पादों के कम उपयोग पर बल दिया. पद्मश्री संतोष यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि जल्दी उठना, सादा और कम मसालेदार भोजन करना, चाय-कॉफी से बचना और पर्याप्त नींद लेना स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है. उन्होंने कहा कि ज्ञान और सद्गुण प्रत्येक व्यक्ति के भीतर पहले से ही मौजूद होते हैं, केवल उन्हें पहचानने और सत्य के मार्ग पर चलने की आवश्यकता होती है.

#### धैर्य व अनुशासन आवश्यक गुण

प्रतिकुलपति कमल नारायण भूराड़िया ने सफलता के लिए धैर्य और अनुशासन को अत्यंत आवश्यक गुण बताया. जीवन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं स्मृति व्याख्यान की समन्वयक डॉ. श्वेता अग्रवाल ने संतोष यादव के सम्मान में प्रशस्ति वाचन किया. पर्वतारोहण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नैना कदम द्वारा किया गया. संचालन डॉ. निकिता दुबे ने किय. आयुषी बैरागी ने प्रतिवेदक की भूमिका निभाई.

#### नवाचार के प्रति रहें समर्पित

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के संयोजक एवं वैष्णव विज्ञान संस्थान के समन्वयक डॉ. उत्तम शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन के वैज्ञानिक योगदानों को स्मरण करने के महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर रमन के जीवन और रमन प्रभाव की खोज पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया. कुलगुरु डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जिज्ञासा विकसित करने तथा अनुसंधान और नवाचार के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया.